

## प्रभास ने आदिपुरुष के लिए ली है इतनी भारी–भरकम फीस?

फिल्म स्टार्स की बात करें तो कुछ ऐसे हैं जिन पर फिल्ममेकर्स को बेहद भरोसा होता है। ये स्टार्स इतने पॉप्युलर हैं कि फिल्म में केवल इनके होने से ही उसका हिट होना तय माना जाता है। ऐसे स्टार्स फीस भी भारी–भरकम वसूल करते हैं। इन स्टार्स में बाहुबली जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले तेलुगू सुपरस्टार प्रभास भी शामिल हैं। खबर है कि प्रभास ने अपनी आने वाली फिल्म आदिपुरुष के लिए इतनी मोटी फीस वसूली है कि उसे सुन किसी के भी होश उड़ जाएंगे। बॉलिवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की माने तो प्रभास ने अपनी आने वाली फिल्मों आदिपुरुष और स्पिरिट के लिए 150 करोड़ रुपयों की भारी–भरकम फीस ली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सलमान खान और अक्षय कुमार के बाद प्रभास पिछले 10 सालों में इतनी बड़ी रकम लेने वाले तीसरे ऐसे ऐक्टर हैं। सलमान खान ने सुल्तान और टाइगर जिंदा है के लिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की फीस ली थी। इसी तरह बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार ने भी बेल बॉटम के लिए 100 करोड़ रुपये की फीस ली थी। ओम राउत के डायरेक्शन में बन रही श्आदिपुरुषश में प्रभास के अलावा सैफ अली खान, कृति सैनन और सनी सिंह नजर आने वाले हैं। यह फिल्म पौराणिक ग्रंथ रामायण पर आधारित है।

## बचकाना हैं, विवादित बयान देना बंद करें कंगना: मुकेश खन्ना

पिछले दिनों बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत के आजादी को दिए गए कॉमेंट पर काफी विवाद हुआ था। कंगना ने कहा था कि भारत को 1947 में भीख में आजादी मिली थी। इस बयान के लिए कई ऐक्टर्स ने कंगना की तीखी आलोचना की थी। अब ऐक्टर मुकेश खन्ना ने भी कंगना की आलोचना करते हुए उनके बयान को बचकाना बताया है। महाभारत और शक्तिमान जैसे सीरियलों से मशहूर हुए मुकेश खन्ना ने इंस्टाग्राम पर कंगना की तस्वीर के साथ एक लंबी पोस्ट लिखी है। मुकेश खन्ना ने कंगना के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, श्कई लोग बार बार मुझसे कह रहे हैं कि आपने देश के पदकमचमदकमदबम पर किए गए कटाक्ष पर कोई टिप्पणी नहीं दी। क्यों?? तो मैं बताऊँ। दे चुका हूं। पर शायद पढ़ा नहीं गया। तो सोचा पब्लिकल्ली ही कह दूँ। मेरे हिसाब से ये स्टेट्मेंट बचकाना था। हास्यास्पद था। चापलूसी से प्रेरित था। मैं नहीं जानता। पर सब ये जानते हैं और मानते भी हैं कि हमारा देश आजाद 1947 की 15 अगस्त को ही हुआ था।

## शूट के लिए नहीं पहुंचीं स्मृति ईरानी, गलतफहमी के कारण मची अफरा तफरी!




पूर्व ऐक्ट्रेस और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हाल ही द कपिल शर्मा शो में अपनी किताब के प्रमोशन के लिए पहुंचीं, लेकिन वहां उनके साथ कुछ ऐसा हो गया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। खबर है कि स्मृति ईरानी को कपिल शर्मा ने गार्ड ने नहीं पहचाना। इस कारण उसने स्मृति ईरानी को सेट पर जाने से भी रोक दिया। इससे खफा होकर स्मृति ईरानी वापस लौट गईं। स्पॉटबॉय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्मृति ईरानी अपनी लिखी किताब के लॉन्च और प्रमोशन के लिए श्द कपिल शर्मा शोश में जाने वाली थीं। एपिसोड का शूट आज यानी 24 नवंबर को होना था, लेकिन शूट नहीं हो पाया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बारे में न तो कपिल शर्मा को पता था और न ही स्मृति ईरानी को। बताया जा रहा है कि श्द कपिल शर्मा शोश के गार्ड और स्मृति ईरानी के ड्राइवर के बीच कुछ गलतफहमी हो गई, जिसके कारण उनकी सेट पर एंट्री नहीं हुई। हालांकि अभी इस बारे में स्मृति ईरानी या फिर कपिल शर्मा की तरफ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि इस वीकेंड श्द कपिल शर्मा शोश में कौन सा सिलेब्रिटी गेस्ट बनकर पहुंचेगा।

# कबीर सिंह के बाद मैं सबके पास भिखारी की तरह गया

*कबीर सिंह के स्टारडम का नया स्वाद चखने वाले ऐक्टर शाहिद कपूर इस वक्त जर्सी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर में शाहिद छा गए हैं और हर कोई उनकी तारीफों के पुल बांध रहा है। शाहिद भी मिल रहे रिस्पॉन्स से बहुत खुश हैं। लेकिन उन्होंने ट्रेलर लॉन्च पर ऐसा खुलासा किया, जिसने सबको हैरान कर दिया।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



शाहिद ने बताया कि कबीर सिंह की सफलता के बाद वह कई बड़े फिल्ममेकर्स के पास गए और उनसे फिल्म जर्सी बनाने की विनती की, पर किसी ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। शाहिद की मानें तो वह उन निर्माता–निर्देशकों के पास भी गए, जिन्होंने 200–250 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्में भी बनाईं, पर किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। कबीर सिंह 2018 में रिलीज हुई थी और यह शाहिद की सबसे बड़ी हिट में शामिल हुई। इसके बाद शाहिद को फैन्स रियल लाइफ में भी श्कबीर सिंहश ही बुलाने लगे। उस फिल्म की रिलीज के दो साल बाद अब शाहिद जर्सी के जरिए बिग स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं।

**कबीर सिंह रिलीज होने के बाद मैं सबके पास भिखारी की तरह गया**

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर ने जर्सी के ट्रेलर लॉन्च पर कहा, कबीर सिंह रिलीज होने के बाद मैं सबके पास भिखारी की तरह गया। जिन लोगों ने 200–250 करोड़ वाली फिल्में बनाई हैं, मैं उनके पास भी गया। मैं कभी भी इस क्लब का हिस्सा नहीं रहा हूं। यह मेरे लिए एकदम नया था। इंडस्ट्री में 15–16 साल बिताने के बावजूद मेरी किसी फिल्म ने इतनी कमाई नहीं की। इसलिए फाइनली जब ऐसा हुआ तो मुझे समझ ही नहीं आया कि मैं कहां जाऊं। यह मेरे लिए एकदम नया था।

**यह मेरे करियर में अब तक की बेस्ट फिल्म**

शाहिद कपूर ने आगे कहा, आप कह सकते हैं कि जर्सी न करने की मैंने बहुत कोशिश की। यह फिल्म मुझे कबीर सिंह से भी पहले





ऑफर हुई थी। इसका क्रेडिट फिल्म के डायरेक्टर Gowtam Tinnanuri को देना चाहता हूं जो मेरे साथ अभी भी काम कर रहे हैं। उन्होंने मेरा इंतजार किया। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह फिल्म की। मैं कह सकता हूं कि यह मेरी अब तक की बेस्ट फिल्म है।

शाहिद को बीच में रोकते हुए डायरेक्टर गौतम ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में जो बेस्ट काम किया है वह है शाहिद कपूर के साथ काम करना। वह बोले, कबीर सिंह की जबरदस्त सक्सेस के बाद शाहिद जरा भी नहीं बदले। वह पूरी तरह से स्टोरी और कैरेक्टर में घुस गए। उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया।

**2019 में आई तेलुग फिल्म का रीमेक, यह है कहानी**

बता दें कि जर्सी डायरेक्टर Gowtam Tinnanuri की 2019 में आई तेलुगु फिल्म का हिंदी रीमेक है। फिल्म में शाहिद कपूर एक क्रिकेटर के रोल में हैं। फिल्म में उनके ऑपोजिट मृणाल ठाकुर और शाहिद के पिता पंकज कपूर भी नजर आएंगे। जर्सी की कहानी 39 साल के एक ऐसे क्रिकेटर की है जिसने 10 साल पहले खेलना छोड़ दिया था, लेकिन अब दोबारा भारतीय टीम में शामिल होना चाहता है।

# बिग बॉस 15 में वाइल्ड कार्ड एंट्री करेंगी राखी सावंत!

*बिग बॉस 15 में आए दिन कोई न कोई ट्विस्ट देखने को मिल रहा है, जिसके कारण दर्शक भी इसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। सलमान खान के इस शो में हाल ही रश्मि देसाई, देवोलीना भट्टाचार्जी और अभिजीत बिचुकले की वाइल्ड कार्ड एंट्री दिखाई गई। वहीं अब खबर है कि राखी सावंत भी वाइल्ड कार्ड एंट्री करने वाली हैं।*



सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें हैं कि शबिग बॉस 15श को और एंटरटेनिंग व इंगेजिंग बनाने के लिए मेकर्स राखी सावंत को ला रहे हैं और वह जल्द ही शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री करेंगी। हालांकि इस बारे में अभी तक मेकर्स की तरफ से कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है।

बताया कि राखी सावंत को फिलहाल रश्मि देसाई और देवोलीना भट्टाचार्जी के साथ क्वारंटीन में रखा गया है। राखी सावंत की अभी अपनी एंट्री की तैयारी कर रही हैं। राखी सावंत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ आर्टिकल्स के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं, जिनमें उनकी बिग बॉस 15 में वाइल्ड कार्ड एंट्री की बात है। इन्हीं में से एक पोस्ट पर राखी सावंत ने खुद लिखा भी है, अब टीआरपी बढ़ेगी। राखी सावंत इसी सीजन के एक श्वीकेंड का वारश एपिसोड में गेस्ट बनकर पहुंची थीं और सबको एंटरटेन किया था। इसके अलावा उन्होंने 14वें सीजन में एक चैलेंजर के तौर एंट्री की थी और फिनाले तक पहुंची थीं। अब देखना यह होगा कि राखी सावंत की एंट्री के बाद बिग बॉस 15 का माहौल किस कदर बदलता है।

**अब अभिजीत बिचुकले नहीं करेंगे एंट्री?**

वहीं सूत्रों के मुताबिक, अभिजीत बिचुकले को मेकर्स ने एनमौके पर ड्रॉप कर दिया है। वह अब शो में एंट्री नहीं करेंगे। बताया जा रहा है कि अभिजीत कोविड संक्रमित हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें क्वारंटीन में रखा गया। लेकिन इस कारण अभिजीत की जगह अब एक फॉर्मर बिग बॉस कंटेस्टेंट को साइन किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह कोई और नहीं राखी सावंत हैं।